तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 15 मई 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

13 मिरतुर समाधान शिविर में ग्रामीण हुए शामिल ...



12 सुशासन तिहार 2026 : जनता की समस्याओं के समाधान...



## खबर संक्षेप

### पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 21 को नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 21 मई दिन गुरूवार को पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 01.15 बजे तक पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के कुल 340 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा परीक्षा का सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी तथा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त परीक्षा हेतु शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### बाइक से गिरकर घायल की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** कोरर थाना क्षेत्र के स्कुलपारा धनेली निवासी 41 वर्षीय मनारो राम गोटा पिता रतन गोटा को गंभीर चोट आने की वहज से 22 मार्च को मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक का आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम लीलहरडी के एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें उन्हे गंभीर चोट आया था। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान घायल का मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी

**कांकेर।** केन्द्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थियों की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के घटक-दो के अंतर्गत कक्षा पहली से 10 वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए देय अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति हेतु "अस्वच्छ व्यवसाय संबंधी प्रमाण पत्र" भी जाति, निवास, आय प्रमाण-पत्र की भांति अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार स्तर से जारी किया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है। चिप्स द्वारा प्रमाण पत्र तैयार कर लाईव भी कर दिए गए है।

### कांग्रेस की मासिक बैठक आज होगी

**दुर्गुकोंदल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल द्वारा संगठन को मजबूत बनाने और आगामी गतिविधियों को लेकर 15 मई शुक्रवार को मासिक बैठक आयोजित की गई है। बैठक दोपहर 12 बजे दुर्गुकोदल रेस्टहाउस में होगा। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी पदाधिकारी, सदस्य, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, अध्यक्ष, जनपद सदस्य एवं सभी मंडल अध्यक्षों की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है।

# न्यायालयीन आदेश पर 10 लाख रुपए की जब्त शराब का किया गया नष्टीकरण

## 158 मामलों में 15 सौ लीटर शराब किया गया था बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा थाना में विगत लंबे समय से हुई कार्रवाई के तहत 158 मामलों में जब्त 15 सौ लीटर से अधिक शराब, जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रूपएं है, उसे न्यायालयीन आदेश पर नष्ट करने की कार्रवाई उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। थाना चारामा में दर्ज विभिन्न आबकारी एक्ट प्रकरणों में जब्त अवैध शराब के मामलों की न्यायालयीन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी थी। इसके बाद न्यायालय से प्राप्त आदेश के तहत शराब के नष्टीकरण की कार्रवाई की गई। इस दौरान सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए शराब को सुरक्षित तरीके से नष्ट किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में और चारामा थाना प्रभारी सुरेश कुमार राठौर एवं थाना स्टॉफ की उपस्थिति में 158 प्रकरणों में जब्त की गई 1561.190 बल्क लीटर अवैध शराब का विधिवत नष्टीकरण की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। नष्टीकरण की गई शराब का मूल्य लगभग 10 लाख रुपए होगा।

**साढ़े नौ लाख से ज्यादा की अंग्रेजी शराब :** नष्टीकरण के दौरान 1280.890 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब को भी नष्ट किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 9 लाख 62 हजार 167 रुपये आंकी गई और 280.300 बल्क लीटर देशी महुआ शराब नष्ट की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 28 हजार 30 रुपये बताई गई। इस प्रकार कुल 1561.190 बल्क लीटर अवैध शराब, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 9 लाख 90 हजार 197 रुपये है, को विधिवत नष्ट कर दिया गया।



### अपराधों पर लगेगा अंकुश

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने कहा कि जिले भर में उजियारा अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, भंडारण एवं बिक्री पर प्रभावी रोक लगाना, समाज में नशे से होने वाले अपराधों पर नियंत्रण स्थापित करना और थानों में लंबे समय से जप्त शराब का नष्टीकरण किया जाना है।

## डोमांज, आमाकोल एवं गट्टाकाल की जंगल-पहाड़ी सर्चिंग में मिली कामयाबी

# जंगल व पहाड़ियों में नक्सलियों का डंप विस्फोटकों का जखीरा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों के बीच नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया विस्फोटकों का बड़ा जखीरा आखिरकार सुरक्षा बलों के हाथ लग गया। कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती क्षेत्र में चलाए गए सघन नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान जवानों ने न केवल भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की, बल्कि एक शक्तिशाली प्रेशर कुकर आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर संभावित बड़े हादसे को भी टाल दिया। इस कार्रवाई से नक्सलियों की साजिश पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है।

कांकेर जिले के थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोमांज, आमाकोल एवं गट्टाकाल के मध्य जंगल-पहाड़ी इलाके में पुलिस, डीआरजी टीम और बीएसएफ सुरक्षा बलों द्वारा संयुक्त सर्चिंग अभियान चलाया गया, यह अभियान 13 एवं 14 मई को संचालित किया गया। सुरक्षा बलों को आत्मसमर्पित नक्सलियों से जानकारी मिली थी कि डोमांज, आमाकोल एवं गट्टाकाल के मध्य जंगल-पहाड़ी इलाके में विस्फोटक सामग्री हुई है। सर्चिंग के दौरान जवानों को अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखे गए प्रेशर कुकर आईईडी, इलेक्ट्रिक वायर, डेटोनेटर, बैटरी, विस्फोटक सामग्री एवं दैनिक उपयोग की नक्सली सामग्री बरामद हुई। सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र में घंटों तक सर्चिंग अभियान चलाकर जंगल और पहाड़ी इलाकों की गहन तलाशी ली।

**बीजीएल सेल एवं आईईडी को किया निष्क्रिय :** अभियान के दौरान सबसे बड़ी चुनौती उस समय सामने आई, जब जंगल क्षेत्र में छिपाकर रखे गए बीजीएल सेल और आईईडी अत्यंत संवेदनशील अवस्था में मिले। किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए जवानों ने तत्काल पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर बम निरोधक दस्ते को सक्रिय किया। विशेषज्ञ टीम ने सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करते हुए सावधानीपूर्वक सभी आईईडी और बीजीएल सेल को मौके पर ही निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया। सुरक्षा बलों की इस तत्परता से एक बड़े हादसे की आशंका टल गई।



### सर्चिंग टीम में यह रहे शामिल

दो दिनों तक हुई सर्चिंग टीम में बीएसएफ 40 वीं बटालियन के एसी माधो मुरारी लाल, एसी अंकुश कुमार, इंस्पेक्टर जेपी बाना, इंस्पेक्टर प्रकाश सिंग बिस्ट, इंस्पेक्टर ईशरू, एसआई हिम्मत सिंग, सौरभ यादव, सचिन, अनिल सिंग नेगी के अलावा कोयलीबेड़ा थाना प्रभारी निर्मल जांगडे, नरेन्द्र नेताम सउनि डीआरजी चार्ली टीम और अन्य जवान शामिल रहे।

### नक्सली की डंप विस्फोटक सामग्री

दो दिनों तक डोमांज, आमाकोल एवं गट्टाकाल के मध्य जंगल-पहाड़ी इलाके में सर्चिंग के दौरान जवानों को अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखे गए विस्फोटक और नक्सली उपयोग की सामग्री मिली। अभियान में सुरक्षा बलों ने बीजीएल सेल 50 नग, प्रेशर कुकर आईईडी 2 नग, पाइप आईईडी 2 नग, बिजली वायर, कॉर्डेक्स वायर तथा 5 पेट्रोल बम बरामद किए। बरामद प्रेशर कुकर आईईडी में एक का वजन लगभग 5 किलोग्राम और दूसरे का करीब 3 किलोग्राम बताया गया है। जंगलों और पहाड़ियों में घंटों तक चली इस सर्चिंग के दौरान जवानों ने अत्यंत सतर्कता के साथ पूरे इलाके की गहन जांच की।

# सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी दस्तावेजों की चोरी, नामजद रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- नेहरू नगर में दिनदहाड़े चोरी, कमरे में पेटी तोड़ते मिला चोर, देखते ही मौके से फरार

भानुप्रतापपुर क्षेत्र के नेहरू नगर में दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। सूने मकान का ताला तोड़कर घर में घुसे युवक ने न केवल नकदी पर हाथ साफ किया, बल्कि जरूरी दस्तावेज भी लेकर फरार हो गया। घटना उस वक्त सामने आई जब मकान मालिक अपने मित्र के साथ घर की देखरेख करने पहुंचा और भीतर का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए।

नेहरू नगर नारायणपुर स्थित एक मकान में चोरी की इस दुस्साहसिक घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम भैसाकन्हार निवासी 18 वर्षीय छात्र हितेन्द्र दरपट्टी ने मामले की शिकायत थाना भानुप्रतापपुर में दर्ज कराई है। पीड़ित छात्र के अनुसार, परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने घर का ताला तोड़ दिया और अंदर घुसकर अलमारियों व पेटियों को खंगालना शुरू कर दिया। बताया गया कि 12 मई की दोपहर करीब ढाई बजे हितेन्द्र अपने मित्र एकलव्य निषाद के साथ मकान की देखरेख करने पहुंचा था। जैसे ही दोनों ने मुख्य दरवाजे का टूटा ताला देखा, उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। अंदर प्रवेश करने पर उन्होंने बसंतनगर निवासी रोहित टांडिया को कमरे में रखी पेटी तोड़ने का प्रयास करते हुए देखा। दोनों को देखते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद जब घर की जांच की गई तो अलमारी से तीन हजार रुपए नकद सहित एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब मिले। पीड़ित छात्र ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी रोहित टांडिया के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 (ए) और 331 (3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# बुजुर्ग माता-पिता पर डंडे से जानलेवा किया हमला, पुत्र पर अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पखांजुर थाना अंतर्गत ग्राम पीव्ही 37 रूपनगर में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक गंभीर घटना सामने आई है, जहां एक कलयुगी बेटे ने मामूली बात पर अपने ही बुजुर्ग माता-पिता की बेरहमी से पिटाई कर दी।

65 वर्षीय बकुल विश्वास ने अपने बेटे विमल विश्वास के खिलाफ थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि महज एक स्कूटी की चाबी को लेकर विवाद शुरू हुआ, जिसने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। घटना बीते 13 मई की दोपहर करीब 4 बजे की है। अपने बेटे विमल के नाम से एक स्कूटी खरीदी थी, जो घर के सामने खड़ी थी। जब विमल ने गाड़ी की चाबी मांगी, तो मैने उसे देने से मना कर दिया। इस बात पर विमल इस कदर आगबबूला हो गया कि वह अपनी मर्यादा भूल बैठा और गालियां देने लगा। आरोपी ने आव देखा न ताव और हाथ में डंडा लेकर मेरे ऊपर टूट पड़ा। वह चीख-चीख कर कहने लगा कि आज इस बूढ़े को जान से मार दूंगा और डंडे से सिर और कमर पर जोरदार वार कर जमीन पर पटक दिया। चीख-पुकार सुनकर जब बीच-बचाव करने मेरी पत्नी लक्ष्मी विश्वास वहां पहुंचीं, तो क्रूर बेटे ने अपनी मां को भी नहीं बख्शा। उसने अपनी मां पर भी हाथ-मुक्कों और डंडे से हमला कर दिया, जिससे उनके कमर में गंभीर चोटें आई हैं। गनीमत रही कि घर पर मौजूद गांव के अन्य व्यक्तियों ने जान बचाई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विमल विश्वास के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) और 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## मॉडिफाई साइलेंसर वाली 3 बाइक चालकों पर कार्रवाई



**कांकेर।** सड़क सुरक्षा एवं ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर पटाखों जैसी तेज आवाज निकालने वाली तीन मोटरसाइकिलों के खिलाफ कार्रवाई की है। कुछ युवक अपनी मोटरसाइकिलों में अवैध रूप से मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज धमाके जैसी आवाज निकाल रहें हैं, जिससे राहगीरों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों एवं आम नागरिकों को परेशानी हो रही थी। अभियान के दौरान तीन मोटरसाइकिल चालको को पुलिस ने पकड़ा और चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की हरकत पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक चालक पर किया हमला, नकदी व मोबाइल लूटकर बदमाश फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

- ट्रक चालक गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

भानुप्रतापपुर के बाजारपारा स्थित सुलभ शौचालय के पास देर रात अज्ञात हमलावरों ने एक ट्रक चालक पर ताबड़तोड़ हमला कर सनसनी फैला दी। बदमाशों ने चालक को बेरहमी से पीटा, जिससे उसका सिर फट गया और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। हमलावर चालक से नगद 3 हजार रुपए और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।



जानकारी के अनुसार घायल चालक की पहचान भूपेंद्र साहू के रूप में हुई है, जो बालोद जिले के परसाडीह गांव का निवासी बताया जा रहा है।

वह दमन कंपनी में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत है। सुबह स्थानीय लोगों की नजर घायल चालक पर पड़ी, जिसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए शासकीय अस्पताल भानुप्रतापपुर लाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसके सिर में गंभीर चोट की पुष्टि की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमलावरों ने चालक के साथ इतनी निर्ममता से मारपीट की कि वह खून से लथपथ हालत में सड़क किनारे पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ संदिग्धों की तलाश तेज कर दी थी।


मामले में थाना प्रभारी टीआई रामेश्वर देशमुख ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## कानून व्यवस्था एवं वीएम सिक्युरिटी प्लान होगा लागू

# उप-निर्वाचन की तैयारियों में प्रशासन सक्रिय, नियुक्त किए नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने निर्वाचन से जुड़े विभिन्न दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकारियों को नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण को व्यवस्थित करने के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।




जारी आदेश के अनुसार कानून व्यवस्था एवं वीएम सिक्युरिटी प्लान के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि एसडीएम कांकेर, चारामा, भानुप्रतापपुर, पखांजूर एवं एसडीओपी कांकेर, चारामा, भानुप्रतापपुर, पखांजूर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जाबो कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान की जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कांकेर को सौंपी गई है। मतदाता सूची, नक्शा एवं रूट चार्ट के लिए डिप्टी कलेक्टर टीकाराम देवांगन को नोडल अधिकारी तथा प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख रामचन्द्र मंडावी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। ⏭ शेष पेज 12 पर

### कोषालय अधिकारी मत पत्र रखेंगे नजर

मतपेटी, निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी की जिम्मेदारी आरएस कमल को दी गई है, जबकि वाहन व्यवस्था के लिए जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मतपत्र मुद्रण एवं निर्वाचन कर्तव्य के लिए वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी अनिभा रेणु सोनबेर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



# मुख्य न्यायाधिपति ने किया प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का वर्चुअल भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले को न्यायिक क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने बुधवार को मण्डी प्रांगण से लगे क्षेत्र में बनने वाले प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं जिले के पोर्टफोलियो न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए।

भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने कहा कि यह सप्ताह न्यायिक अधोसंरचना विकास के लिए महत्वपूर्ण रहा है, जिसमें कई न्यायालय भवनों एवं परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी न्यायिक जिलों को बेहतर और आधुनिक न्यायिक अवसंरचना उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि न्यायपालिका से जुड़े प्रत्येक हितधारक और आम जनता को बेहतर न्याय व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन एवं आधुनिक तकनीक आवश्यक है। मुख्य न्यायाधिपति ने कहा कि जब उन्होंने कार्यभार संभाला था, तब जिला न्यायपालिका का बुनियादी ढांचा काफी दयनीय स्थिति में था, लेकिन पिछले तीन सालों में न्यायपालिका के सहयोग और दूरदर्शी प्रयासों से इसमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा यह तो सिर्फ शुरुआत है। हमें आगे और बेहतर कार्य करना है। आधुनिक तकनीक और मजबूत अधोसंरचना के माध्यम से न्याय वितरण प्रणाली को और प्रभावी बनाया जाएगा।

## अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नया न्यायालय परिसर : सिन्हा

### समयसीमा और गुणवत्ता पर विशेष जोर

मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने निर्माण एजेंसी से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय भवन का निर्माण तय समयसीमा के भीतर एवं उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य में सभी मानकों और तकनीकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। वर्ष 2013 में सिविल जिला बनने के बाद से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय कोंडागांव जनपद पंचायत के पुराने भवन में संचालित हो रहा था। अब जिले को अपना आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त न्यायालय भवन मिलने जा रहा है, जिससे न्यायिक कार्यों में और अधिक सुविधा एवं गति आएगी।




**इनकी रही उपस्थितिः** कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रतिभा मरकाम, कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाली, वन मंडलाधिकारी सिंह, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दीपक ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, अधिवक्ता, न्यायालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जताया आभार

कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह भूमि पूजन मुख्य न्यायाधिपति महोदय की दूरदर्शी सोच और त्वरित न्याय व्यवस्था को मजबूत करने के सार्थक प्रयासों का परिणाम है। वहीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी केशकाल श्रीमती सोम्या राय द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम अड़ेंगा में शिविर आज

**कोण्डागांव।** सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीणों की मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विभिन्न गांवों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 15 मई को केशकाल विकासखंड के ग्राम अड़ेंगा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जाएगा। शिविर में जिले के प्रभारी मंत्री तथा लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे उद्योग, वाणिज्य, आबकारी एवं श्रम विभाग मंत्री हैं। शिविर में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आमजनों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा सके। ग्राम पंचायत अड़ेंगा अंतर्गत गुडरीपारा, हलिया, प्रधानचेर्रा, सिवनीपाल, जरण्डी, अड़ेंगा, एटेकोन्हाड़ी, डोहलापारा, बाण्डापारा और ठाकुरपारा के ग्रामीण शिविर में अपनी मांगें एवं समस्याएं रख सकेंगे। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### अड़ेंगा और अमरावती में कलस्टर स्तरीय शिविर

**कोण्डागांव।** राज्य शासन की मंशानुसार बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत कलस्टर स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 मई को ग्राम पंचायत अड़ेंगा और अमरावती में शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। पात्र हितग्राहियों से आवेदन लेकर मौके पर निराकरण की कार्रवाई भी की जाएगी। जनपद पंचायत केशकाल अंतर्गत अड़ेंगा में आयोजित शिविर में गुडरीपारा, हलिया, प्रधानचेर्रा, सिवनीपाल, जरण्डी, अड़ेंगा, एटेकोन्हाड़ी, डोहलापारा, बाण्डापारा और ठाकुरपारा के ग्रामीण शामिल होंगे। जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत अमरावती में आयोजित शिविर में तरईबेड़ा, तुर्रेबेड़ा, ओण्डारगांव, देउरबाल, बलेगांव वन, अमरावती और छोटे अमरावती के ग्रामीण शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अधिक संख्या में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर में भाग लेने की अपील की है।

## नगर पालिका में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

# सुशासन तिहार 2026 : जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पहुंचा वार्डों तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत बुधवार को नगर पालिका परिषद कोंडागांव द्वारा विकास नगर स्थित सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी सहित पार्षदगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से सभी विभाग एक मंच पर उपस्थित होकर नागरिकों की समस्याओं को सुन रहे हैं और मौके पर निराकरण भी कर रहे हैं। कलेक्टर ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाएं गांव और शहर के अंतिम छोर तक पहुंच रही हैं।




### कलेक्टर ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण, मौके पर करवाया बीमा

शिविर के दौरान कलेक्टर श्रीमती पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। इस दौरान सभी ने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया। विशेष रूप से कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने डाक विभाग के स्टॉल पहुंचकर विभाग द्वारा संचालित बीमा योजना के तहत स्वयं का बीमा भी कराया, जिससे उपस्थित नागरिकों में जागरूकता का सकारात्मक संदेश गया।

### विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को मिला लाभ

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा कई योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए मत्स्य पालन विभाग द्वारा समिति सदस्यों को 02 नग मछली जाल वितरित किए गए। शिक्षा विभाग ने 15 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 06 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड दिए गए। श्रम विभाग ने 04 श्रम पंजीयन कार्ड वितरित किए। उद्यानिकी विभाग ने 10 किसानों को पौधों का वितरण किया। राजस्व विभाग द्वारा 05 डिजिटल किसान किताब एवं 09 बी–1 खसरा प्रदान किए गए।

### गोदभराई, अन्नप्राशन और आवास की चाबी से भावुक हुआ माहौल –

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिविर में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत एक हितग्राही को नए आवास की चाबी भी सौंपी गई, जिससे कार्यक्रम में भावनात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। शिविर में नागरिकों के सामान्य ज्ञान को परखने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को उद्यानिकी विभाग द्वारा सब्जी बीज एवं पौधे पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए।

### अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में पार्षद सुश्री सोनामणि पोयाम, ललित देवांगन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अजय कुमार उरांव, डिप्टी कलेक्टर रश्मि पोया, तहसीलदार मनोज रावटे तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी देवेश चंदेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से महिला की मौत, परिवार में छाया मातम



**भानुप्रतापपुर।** थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे ने हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। बुधवार शाम संबलपुर फॉरेस्ट डिपो के पास एक अज्ञात वाहन ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

नयापारा भानुप्रतापपुर निवासी 50 वर्षीय बच्चन सिंह ने पुलिस को बताया कि अपनी पत्नी सरोज सिंह और पुत्र नरेंद्र सिंह के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 बी 8162 पर सवार होकर संबलपुर स्थित गणेश मंदिर पूजा-अर्चना करने गए थे। भक्ति भाव के साथ दर्शन कर जब यह परिवार वापस अपने घर लौट रहा था, तभी नियति को कुछ और ही मंजूर था। शाम करीब 7 बजे जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल संबलपुर फॉरेस्ट डिपो के पास मुख्य मार्ग पर पहुंची, पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन के चालक ने बेहद तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल पर सवार तीनों सड़क पर गिर पड़े। इस हृदयविदारक हादसे में बच्चन सिंह की पत्नी सरोज सिंह का सिर सीधे वाहन के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते आरोपी चालक वाहन सहित अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही भानुप्रतापपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मृतिका के पति बच्चन सिंह की लिखित रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार वाहन और उसके चालक की तलाश तेज कर दी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम पर विद्यार्थियों ने किया प्रभावशाली प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभाग में मंगलवार को तकनीकी नवाचार और प्रायोगिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "आर्डुइनो आधारित अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम" विषय पर विशेष तकनीकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विभाग के विद्यार्थियों ने अपने द्वारा तैयार किए गए मॉडल का प्रदर्शन करते हुए उसके विभिन्न उपकरणों, तकनीकी संरचना और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने बताया कि यह सिस्टम ऑटोमेशन तकनीक पर आधारित है, जिसके माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया को अधिक सरल, तेज और पारदर्शी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आर्डुइनो तकनीक का उपयोग करते हुए तैयार किए गए मॉडल का लाइव प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि यह सिस्टम सेंसर और माइक्रोकंट्रोलर आधारित तकनीक से संचालित होता है, जिससे समय की बचत के साथ–साथ रिकॉर्ड प्रबंधन भी आसान हो जाता है। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों की तकनीकी समझ, रचनात्मकता और आत्मविश्वास ने उपस्थित शिक्षकों एवं अतिथियों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक प्राध्यापकों एवं अतिथि व्याख्याताओं ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, नवाचार और प्रायोगिक शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के साथ–साथ आत्मनिर्भरता और तकनीकी कौशल को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक नवाचार आधारित परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### खास बातें

- गुण्डाधुर महाविद्यालय में तकनीकी नवाचार की झलक
- आधुनिक तकनीक और ऑटोमेशन आधारित शिक्षा से विद्यार्थियों को किया गया प्रेरित




### डॉ. पुष्पेन्द्र ने साझा किया नवाचार का अनुभव

कार्यक्रम का मंच संचालन एवं इस नवाचारी प्रोजेक्ट के जनक अतिथि व्याख्याता डॉ. पुष्पेन्द्र तिवारी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में तकनीकी शिक्षा केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि प्रायोगिक और नवाचार आधारित शिक्षा ही भविष्य की वास्तविक आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों पर कार्य करने, शोध की भावना विकसित करने और तकनीक के माध्यम से समाज की समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ. सैयद अतहर अली हाशमी ने आर्डुइनो आधारित अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम की तकनीकी कार्यप्रणाली को सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाया। उन्होंने बताया कि आर्डुइनो जैसी ओपन–सोर्स तकनीकें विद्यार्थियों को कम लागत में नवाचार करने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि ऑटोमेशन आधारित प्रणालियां आने वाले समय में शिक्षा, प्रशासन और उद्योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# भिरौद पुल के पास बेकाबू बाइक फिसली, हादसे में युवक की मौत

**कांकेर।** थाना चारामा अंतर्गत ग्राम भिरौद के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई, जबकि दूसरा व्यक्ति घायल हो गया है। बाइक सवार ग्राम बैजनपुरी में आयोजित एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे।

चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे किलेपार निवासी 43 वर्षीय मनोज कुमार मंडावी पिता अर्जून सिंग मंडावी ने पुलिस को बताया कि 13 मई को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीसी 7115 में सवार होकर गांव के उमेश मरकाम के साथ शादी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम बैजनपुरी गए थे। रात लगभग साढ़े 9 बजे बैजनपुरी से वापस घर ग्राम किलेपार आ रहे थे। मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीसी 7115 को उमेश मरकाम चला रहा था। इसी दौरान रात करीबन 11 बजे ग्राम भिरौद पुल पानी टंकी के पास हमारा मोटर सायकल स्लिप होन से अनियंत्रित हो गया और हम दोनो मोटर सायकल सहित जमीन पर गिर गए। मुझे बांए पैर घुटने के पास चोट लगा है तथा उमेश मरकाम के सिर एवं चेहरा में गंभीर चोट लगा। राह चलते लोग घटना को देखकर 108 वाहन बुलाकर हम दोनों को चारामा अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाए। इस दौरान उमेश मरकाम बेहोश हो गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने बताया कि उमेश मरकाम का मौत हो चुका है। पुलिस ने उमेश मरकाम के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## युकां का अनूठा प्रदर्शन, पेट्रोल पंप के सामने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर जिला युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा के नेतृत्व में पेट्रोल एवं डीजल की बाधित आपूर्ति और आम जनता को हो रही परेशानियों मुमकिन है लिखी तख्तियां लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। मौर्य ने कहा कि लगातार पेट्रोल-डीजल की कमी से आम नागरिक, किसान, व्यापारी और वाहन चालक परेशान हैं। लेकिन केंद्र सरकार मौन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों और अव्यवस्थित प्रबंधन के कारण आम जनता को घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। युकां शहर अध्यक्ष ने कहा कि देश में महंगाई पहले ही चरम पर है। ऊपर से ईंधन की बाधित आपूर्ति ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने मांग की है कि केंद्र सरकार तत्काल पेट्रोल-डीजल की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करे और आम जनता को राहत प्रदान करे। अन्यथा आंदोलन उग्र किया जाएगा। इस दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री अमरनाथ सिंह, जाहिद हुसैन, सुनीता सिंह, अनुराग महतो,नीतीश शर्मा,राजेंद्र पटवा, रविशंकर तिवारी, आदर्श दलाई, शादाब अहमद, पार्षद शुभम यदु, लोकेश चौधरी, हेमंत कश्यप,ब्लाक अध्यक्ष रजत जोशी, उपाध्यक्ष लव मिश्रा, आकिब राजा, वैभव नेताम,अंकित सिंह, एम ज्योति राव, ऋतिका कर्मा, इंदर झझ, मोहसिन खान, शंकर सेन, जोगेंद्र सिंह, अमित मिश्राम, यश सहित अन्य युवा कांग्रेसी मौजूद रहे।



## हरे सोने की खरीदी अंतिम चरण में, सरकार को राजस्व की अच्छी उम्मीद

# गोगुंडा जैसे पहाड़ी एवं दुर्गम वनांचल क्षेत्रों में भी तेंदूपत्ता का संग्रहण

रफीक खान ▶▶| कोंटा

तेंदूपत्ता संग्राहकों से की जा रही हरे सोने का सीजन अंतिम चरण की ओर है। कोंटा उप वनमण्डल के अंतर्गत आने वाले तीन वन परिक्षेत्रों में इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य 19500 मानक बोरा रखा गया है। इस लक्ष्य को कुछ फड़ों को छोड़ हासिल कर लिया गया है। जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित सुकमा अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 में गत वर्ष की तुलना में अधिक प्रगति के साथ संपादित किया जा रहा है तथा संग्रहण एवं संग्राहकों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है । वहीं इस वर्ष संग्राहकों की संख्या बढ़कर 46620 दर्ज की गई है । वहीं 12 मई की स्थिति में 84038.431 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहित किया जा चुका है, जो निर्धारित लक्ष्य का 77.53 प्रतिशत है ।

कोंटा क्षेत्र में प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति गोलापल्ली में 129.11 प्रतिशत, पालाचलमा में 122.79 प्रतिशत, किस्टाराम में 126.11 प्रतिशत, पोलमपल्ली में 107.31 प्रतिशत तथा कोण्डरे में 101.02 प्रतिशत तेंदूपत्ता संग्रहण किया गया है। इस वर्ष विशेष रूप से गोगुंडा जैसे पहाड़ी एवं दुर्गम वनांचल क्षेत्रों में भी संग्रहण कार्य कराया गया है । जिससे स्थानीय संग्राहकों को रोजगार एवं अतिरिक्त आय प्राप्त हो रहे हैं ।



### 55 लाख संग्राहकों के खाते में गया

वन विभाग गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य की मानिटरिंग कर रहा है ताकि संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो सके। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के साथ संग्राहकों को पारिश्रमिक का भुगतान प्रारंभ कर दिया गया है। लगभग 54,48,619 की राशि संग्राहकों के बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है।

### अवैध परिवहन नियंत्रण पर मुस्तैद

सीमावर्ती क्षेत्रों में तेंदूपत्ता के अवैध परिवहन पर नियंत्रण हेतु वन विभाग द्वारा गश्त एवं निगरानी की जा रही है। ओडिशा के मलकानगिरी क्षेत्र की ओर संभावित अवैध परिवहन को रोकने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में रात्रिकालीन पेट्रोलिंग की जा रही है तथा अवैध परिवहन एवं भंडारण के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### नक्सल समस्या समाप्ति बाद संग्राहकों का भरोसा बढ़ा

हरे सोने कहे जाने वाले तेंदूपत्ता संग्राहकों के चेहरे में कहीं खुशी कहीं गम पर नजर डालें तो इस वर्ष औने पौने दाम पर तेंदुपत्ता बेचने की विवशता देखी सुनी जा रही है । जिसके पीछे का कारण अत्याधिक संग्रहण किए जाने वाले पत्तों को पूरा नही बेचा जाना है । जिसके चलते पड़ोसी राज्यों के बिचौलिए शबरी तटों पर बसे गांवों के संग्राहकों से कम दरों पर पत्ता बेचने की मजबूरी के तौर भी देखा जा रहा है। नक्सल समस्या समाप्त होने के बाद अब शासन पर संग्राहकों की नजर इस बात को लेकर है कि क्या शासन आने वाले वर्ष में लक्ष्य में इजाफा करेगी ।

### लक्ष्य के करीब पहुंचने के साथ भुगतान भी हो रहा

डीएफओ अक्षय भोसले से मिली जानकारी अनुसार अब तक जिले में निर्धारित 108 लाख मानक बोरे के लक्ष्य के करीब तेंदूपत्ता संग्रहण करने के साथ 54 लाख रुपए सीधे संग्राहकों के खाते में भुगतान कर दिया गया है तथा आने वाले समय में जहां लक्ष्य को पुरा नही किया जा रहा है ऐसे फड़ों के लक्ष्य को कम करते हुए दुसरे फड़ों में लक्ष्य बढ़ाने पर प्रयास करने की बात कहीं है। गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ते की खरीदी के साथ नये फड़ों की शुरूआत और उपलब्धि पर अव्वल स्थान प्राप्ति के भरोसे के साथ शासन को राजस्व भी अच्छा आने की उम्मीद डीएफओ ने जताई है।

## पेज 11 के शेष

### उप -निर्वाचन की ...

मतदान दल गठन एवं प्रशिक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल तथा विभिन्न विकासखंडों के खंड शिक्षा अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षक के लिए एनआर साव को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि पेशीराम कुंजाम और प्रणव कीर्तनिया को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत शाखा के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी तथा महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र टंकेश्वर कुमार देवांगन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। चिकित्सा सहायता, पेयजल, टेबल-कुर्सी व्यवस्था, बेरिकेडिंग, आदर्श आचार संहिता पालन, मतगणना एवं मतदान दिवस रिपोर्टिंग सहित निर्वाचन की सभी व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और सुचारु रूप से संपन्न कराना है।

# बस्तर में पेट्रोल संकट गहराया, वाहन चालक दर-दर भटकने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा

जिले में इन दिनों पेट्रोल और डीजल की किल्लत से आम जनता भारी परेशानियों का सामना कर रही है। पेट्रोल पंपों में लंबी कतारें लग रही हैं, वहीं कई वाहन चालक घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि खींचातानी और बहस के बीच कई लोगों को सिर्फ 50 रुपये का पेट्रोल ही दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में संचालित प्रबल पेट्रोल पंप में देखने को मिल रही है, जहां बाइक चालकों को केवल 50 रुपये का पेट्रोल और ट्रैक्टर चालकों को लगभग 400 रुपये का डीजल दिया जा रहा है। सीमित मात्रा में ईंधन मिलने से ग्रामीणों और वाहन चालकों में नाराजगी देखी जा रही है।

■ लोगों को सिर्फ 50 रुपये का पेट्रोल ही दिया जा रहा



जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर एवं अन्य बड़े वाहनों को सीमित मात्रा में डीजल मिलने के कारण किसानों, ट्रैक्टर चालकों और परिवहन कार्य से जुड़े लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। गांवों में इसका सीधा असर मजदूर वर्ग पर भी पड़ रहा है। ईंट जोड़ाई, निर्माण कार्य और राजमिस्त्री का काम करने वाले मजदूरों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। डीजल और पेट्रोल की कमी के कारण कई निर्माण कार्य धीमे या बंद पड़ गए हैं, जिससे मजदूरों की कमाई लगभग खत्म होने की स्थिति में पहुंच गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि पेट्रोल पंपों में पर्याप्त ईंधन उपलब्ध नहीं होने से लोगों को कई किलोमीटर दूर भटकना पड़ रहा है। कुछ स्थानों पर सुबह से लाइन में लगने के बाद भी लोगों को पर्याप्त पेट्रोल-डीजल नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य कराई जाए ताकि आम जनता, किसान, मजदूर और वाहन चालकों को राहत मिल सके।

## खबर संक्षेप

### औषधि व प्रसाधन सामग्री प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

**दंतेवाड़ा।** सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत जिले में व्यापक निरीक्षण एवं जागरूकता कार्यवाही संपन्न हुई। इस अभियान के अंतर्गत औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों, कॉस्मेटिक दुकानों, वैक्सीन स्टोरेज केन्द्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित दुकानों की जांच कर नियमों के पालन की समीक्षा की गई।
इस अभियान के दौरान जिले में संचालित 7 कॉस्मेटिक एवं फैंसी, किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिनमें राज किराना बचेली, संजय पान भंडार बचेली, पूजा दुकान बचेली, अफसारना फैसी स्टोर बचेली, फेयर एण्ड ग्लो सैलून दन्तेवाड़ा, सुनीता फैंसी स्टोर दंतेवाड़ा एवं अजय जनरल स्टोर दन्तेवाड़ा शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान फास्ट मुविंग कॉस्मेटिक उत्पादों की जानकारी एकत्रित की गई। थोक औषधि विक्रय परिसरों की जांच के अंतर्गत मिश्रा मेडिकल एजेंसी दन्तेवाड़ा, गर्ग मेडिकल किरन्दुल एवं अर्जुन मेडिकल किरन्दुल का निरीक्षण कर 2 औषधि नमूने संकलित किए गए। वहीं खुदरा औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों में रॉयल मेडिकल पालनार, आर.के. मेडिकल कोरीरास, हरिभक्त औषधालय मैलावाड़ा, एनएमडीसी फार्मेसी किरन्दुल, मॉ दन्तेश्वरी मेडिकल किरन्दुल एवं दंतेश्वरी मेडिकल नकुलनार का निरीक्षण किया गया। ग्रामीण अंचलों में कारली क्षेत्र के पटेल किराना, यादव किराना, लक्ष्मीनाथ किराना सहित अन्य दुकानों में साबुन, तेल एवं क्रीम जैसी प्रसाधन सामग्री की जांच की गई। साथ ही किरन्दुल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, एनएमडीसी बचेली फार्मेसी तथा जिला वैक्सीन संधारण केन्द्र में वैक्सीन स्टोरेज एवं कोल्ड चौन व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 2 औषधि नमूने भी संकलित किए गए। स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों के विक्रय से संबंधित दस्तावेजों की जांच हेतु अमिया मेडिकल स्टोर बारसूर एवं न्यू हिन्दुस्तान मेडिकल स्टोर छिंदनार का निरीक्षण किया गया।

## मिरतुर समाधान शिविर में ग्रामीण हुए शामिल

# योजनाओं का लाभ पाकर ग्रामीणों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत भैरमगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मिरतुर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के विभिन्न ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

■ कलेक्टर, एसपी और जिला पंचायत सीईओ की मौजूदगी रही



जिले के अंदरूनी क्षेत्रों तक शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और अंतिम व्यक्ति तक सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर को ग्रामीणों का व्यापक समर्थन मिला। शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष दशरी कोरसा, जिला पंचायत सदस्य कोरसा, जनपद सदस्यगण, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

समाधान शिविर में 24 से अधिक विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा कई हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। ग्रामीणों ने शिविर के प्रति गहरी रुचि दिखाई और कार्यक्रम समाप्त होने तक पूरी तन्मयता से उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया जिनमें समाज कल्याण विभाग द्वारा बैसाखी एवं सहायक उपकरण वितरण, पंचायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण, मत्स्य विभाग द्वारा जाल एवं आईस बॉक्स वितरण, शिक्षा विभाग द्वारा जाति एवं जन्म प्रमाण पत्र प्रदान, परिवहन विभाग द्वारा 15 हितग्राहियों को लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, कृषि विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, राजस्व विभाग द्वारा डिजिटल किसान किताब का वितरण प्रमुख रूप से शामिल रहा।

### योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे

कलेक्टर विश्वदीप ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन कर अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की सहज पहुंच सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से पूरे राज्य में सुशासन तिहार को उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ त्योहार की तरह मनाया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्रामीणों से सभी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन करने और अधिकारियों से योजनाओं की पात्रता एवं आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी लेने का आग्रह किया। कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे और लाभ के लिए भटकना न पड़े, इसलिए शासन स्वयं गांव तक पहुंच रही है। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, वनाधिकार पत्र, महतारी वंदन योजना, मातृत्व वंदना योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए आधार कार्ड, बैंक खाता एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज बनवाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# जंगमपाल शिविर में कलेक्टर ने परखी योजनाओं की जमीनी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा





जिले के विकासखंड कटेकल्याण अन्तर्गत अंतिम एवं दूरस्थ क्षेत्र ग्राम जंगमपाल में आयोजित बस्तर मुन्ने (अग्रणी बस्तर) कार्यक्रम का आज कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर ग्रामीणों को दी जा रही सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और प्रभावी ढंग से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जंगमपाल जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में लगाए जा रहे शिविर ग्रामीणों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि यह शिविर ग्राम में लगातार तीन दिनों तक संचालित किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं कार्यों की समय-समय पर पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से आधार पंजीयन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, वनाधिकार मान्यता पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोड़ने को कहा। साथ यह निर्देश दिया कि शिविरों में आधार ऑपरेटरों सहित सभी मैदानी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहे, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जा सके।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



कलेक्टर विश्वदीप ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से आत्मीयतापूर्वक मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर की सहज एवं संवेदनशील कार्यशैली से मरीजों और उनके परिजनों में विश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विश्वदीप ने पोषण पुनर्वास केंद्र पहुंचकर भर्ती बच्चों के परिजनों से चर्चा की। उन्होंने बच्चों के उचित पोषण, संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को समझाते हुए आवश्यक सलाह दी। इस दौरान उन्होंने कुपोषण मुक्ति की दिशा में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, प्रयोगशाला, ब्लड बैंक एवं संपूर्ण परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# डीएवी में 12वीं का परिणाम उत्साहजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ किरन्दुल

डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल कक्षा 12वीं का परीक्षा फल उत्साह जनक रहा। विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय में परीक्षा पर शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के वाणिज्य संकाय के छात्र अमित साहू ने 92.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में छात्र हरिता जी ने 90.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान ,आस्था साव ने 88 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं दीप्ति ठाकुर ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में अमित साहू ने 92.02 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, विशिष्ट सक्सेना ने 86 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं दीपिका सोनी ने 85.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

■ विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा



कला संकाय के फ़लैश ठाकुर ने 78.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम अन्यया मजूमदार ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं तारा यादव ने 76.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अमित साहू ने इनफॉरमेशन प्रैक्टिस में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं संपूर्ण क्षेत्र को गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य संतोष श्रीवास्तव ने विद्यालय की इस सफलता पर छात्रों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विद्यार्थियों को नवाचार व उद्यमिता के बारे में समझाया

**गादम।** इंस्टट्यूशन्स इनावेशन काउंसिल तथा एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक के संयुक्त तत्वावधान में स्टार्टअप लीगल एंड एथिकल प्रैक्टिसेज विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि वक्ता रजिया शेख के स्वागत एवं परिचय से हुई।

विद्यार्थियों को सत्र के महत्व से अवगत कराया। अपने संबोधन में रजिया शेख ने अपने संस्थान बस्तर फूड फर्म की स्थापना से लेकर वर्तमान कार्यप्रणाली तक की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सीमित संसाधनों के साथ उन्होंने अपने स्टार्टअप की शुरुआत की और निरंतर प्रयासों से उसे आगे बढ़ाया। उन्होंने अपने लंदन स्थित फर्मों के साथ हुए टाई-अप्स एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने के अनुभवों को भी विद्यार्थियों के साथ साझा किया। सत्र के दौरान उन्होंने स्टार्टअप में कानूनी एवं नैतिक प्रथाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी उद्यम की सफलता के लिए पारदर्शिता, गुणवत्ता और नैतिकता अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को फूड टेक्नोलॉजी क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में जानकारी दी तथा इस क्षेत्र में नवाचार एवं उद्यमिता की संभावनाओं को समझाया। विद्यार्थियों ने सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रश्न पूछकर अपने संदेहों का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की ओर से अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया गया।



# कंडोली की बती ने हरा सोना से बदली तकदीर किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

अब किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ी, काम पूरा होते ही पैसा सीधे बैंक खाते में आ जाता है। इससे बिचौलियों का डर खत्म हो गया है और पूरा पैसा मिल रहा है। इस बार राशि से बच्चों की पढ़ाई और घर की जरूरी जरूरतों को पूरा किया है। उक्त बातें कंडोली की रहने वाली बती ने कही। उसने बताया कि तेंदूपत्ता केवल एक वनोपज नहीं, बल्कि उनके परिवार की आजीविका का मुख्य आधार है। वर्षों से वह अपने परिवार के साथ जंगलों में जाकर हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ते का संग्रहण करती आ रही हैं। पहले तेंदूपत्ता संग्रहण के बाद पारिश्रमिक प्राप्त करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। भुगतान में देरी, बिचौलियों का हस्तक्षेप और सही जानकारी के अभाव में संग्राहकों को परेशानी होती थी। बती बताती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पहले मजदूरी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था। कभी भुगतान देर से मिलता था तो कभी बिचौलियों के चक्कर लगाने पड़ते थे, यह भी पता नहीं चलता था कि शासन ने हमारे लिए कितनी राशि तय की है। बत्ती वेको की संतान छोटू वेको 12 वीं, कु. सुशीला कक्षा 8 वीं, कु. मैनो कक्षा 6 वीं, अमरेश वेको कक्षा दुसरी, कु. अनिलो कक्षा पहली में पढ़ रही है। तेंदूपत्ता संग्रहण से जुड़ी यह नई व्यवस्था ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के संग्राहक परिवारों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही है। बती जैसी अनेक महिलाओं के लिए यह केवल भुगतान नहीं, बल्कि सम्मान, आत्मनिर्भरता और सुरक्षित भविष्य की नई शुरूआत है। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को तेंदूपत्ता बेचा गया और एक मई को इनके खाते में संग्रहण भुगतान की राशि प्राप्त हो गई है। इस प्रकार सात दिवस के भीतर संग्राहक के खाते में संग्रहण भुगतान की राशि प्राप्त हो गई है।

■ परिवार की आजीविका का मुख्य आधार तेंदूपत्ता

### बिचौलियों का अंत और सीधे बैंक खाते में खुशहाली



### आसानी से मिल रहा योजनाओं का लाभ

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि शासन की योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव सीधे बैंक खाते में भुगतान होने से भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी पर रोक लगी है। समय पर पारिश्रमिक मिलने से ग्रामीण परिवार आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। संग्राहकों को पारिश्रमिक के साथ-साथ बीमा, छात्रवृत्ति एवं अन्य योजनाओं का लाभ भी आसानी से मिल रहा है।

### चेहरे पर दिखी खुशी

बताया जा रहा है कि इस वर्ष बती ने 3308 गड्डी तेंदूपत्ता संग्रहित किया। शासन द्वारा निर्धारित 5500 प्रति मानक बोरा की दर से उन्हें 18 हजार 194 रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हुई। मोबाइल पर बैंक मैसेज आते ही उनके चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी।

### पारदर्शी व्यवस्था व डीबीटी

बस्तर के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि शासन की नई पारदर्शी व्यवस्था और डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफार्म) प्रणाली ने अब यह तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। तेंदूपत्ता संग्रहण का पारिश्रमिक सीधे संग्राहकों के बैंक खातों में जमा किया जा रहा है।

## भाजपा ने नगरनार मण्डल में 5 मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित की

# महिला मोर्चा की कमान लक्ष्मी और किसान मोर्चा की घनश्याम को मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने नगरनार मण्डल में पांच मोर्चा की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने महिला, किसान, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति मोर्चा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है।


महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी घरत बनी है। उपाध्यक्ष पुष्पा मिश्रा, रेवती सेठिया, सुमन ठाकुर, महामंत्री राधा वड्डे व वृन्दा साहू बनायी गयी है। मंत्री कमली ठाकुर,धनकेसरी, प्रमिला, कोषाध्यक्ष दलजीत चालकी,सह कोषाध्यक्ष सुषमा यादव नियुक्त की गयीं हैं।

किसान मोर्चा अध्यक्ष का दायित्व घनश्याम सेठिया को सौंपा गया है। उपाध्यक्ष लिंगेश्वर सेठिया, त्रिपति नागेश,शिरो नाग,थनुर्जय बघेल, महामंत्री बलराम नाग व जयंत जोशी बने हैं। वहीं मंत्री खगेश्वर देवांगन, भगवती कश्यप, प्रेम सेठिया, राजेंद्र नाग,सोनधर कश्यप, कोषाध्यक्ष भिषम नेताम,सह कोषाध्यक्ष दयालु कश्यप, मीडिया प्रभारी मेहत्तर नाग, सह मीडिया प्रभारी बनसिंह ठाकुर नियुक्त हुए हैं।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष दुजेश्वर देवांगन, उपाध्यक्ष धनुर्जय देवांगन, पुनीत साहू, आनंद राव, राजेश सेठिया, महामंत्री किरत सागर यादव व मुरली मनोहर दास को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष गौतम ठाकुर,सह कोषाध्यक्ष गोविंद देवांगन, मंत्री सूरज सेठिया, नारायण ठाकुर, भूपेन्द्र ठाकुर, आशीष ठाकुर,जयमन सेठिया व मीडिया प्रभारी बनें हैं।

अजजा मोर्चा अध्यक्ष नीलकंठ ध्रुव, उपाध्यक्ष गुखबंधु रामप्रसाद गोयल, अनंतराम मौर्य, उमेश नाग, महामंत्री रामचंद्र बघेल व सुरज नाग बनायें गये हैं। मंत्री पद में मनीराम बघेल, मन्नुराम बघेल,सम्पत कश्यप, रैनु बघेल, लछिन्दर भारती, कोषाध्यक्ष प्रेम नाग,सह कोषाध्यक्ष मनदेव बघेल, मीडिया प्रभारी गिरीश घरत, सोशल मीडिया प्रभारी आसमान भारती व कार्यालय प्रभारी नीलकंठ नाग की नियुक्ति की गयी है।

अजा मोर्चा अध्यक्ष बाबूलाल कश्यप, उपाध्यक्ष हरिसिंह बेसरा,पीलादास नेताम, देवकी कश्यप, महामंत्री देवराज सोनवानी व जयराम बघेल, मंत्री मनीष चालकी, महादेव नाग, आनंद नाग, कोषाध्यक्ष तिलक बेसरा, सह कोषाध्यक्ष जगतराम बेसरा, कार्यालय मंत्री हरिनाथ नायर, मीडिया प्रभारी प्रीतम पात्रे, सह मीडिया प्रभारी रिंकु चालकी, सोशल मीडिया प्रभारी योगेन्द्र नाग, सह सोशल मीडिया प्रभारी धरम सिंह कश्यप, छात्रावास प्रभारी छेवदास बघेल, महिला प्रमुख रिंकी बेसरा, आईटी सेल प्रभारी महेश नागेश नियुक्त हुए हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मनोरोग जाँच शिविर का हुआ आयोजन

**कांकेर।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर एवं मेडिकल सुप्रीटेंडेंट मेडिकल कॉलेज डॉ. विमल चंद्र भगत के निर्देशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. किशोर ध्रुव व जिला कार्यक्रम के प्रबन्धक के मार्गदर्शन पर 13 मई को एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला जेल में किया गया। कैदियो को मानसिक स्वास्थ्य परिक्षण किया गया व दवाई का वितरण किया गया।

### वेतन विसंगति पर हाईकोर्ट में याचिका किया दायर

**सरोना।** प्रदेश के लिपिक संवर्ग द्वारा पिछले 44 वर्षों से लंबित वेतनमान संशोधन की मांग अब न्यायालय तक पहुंच गई है। शासन स्तर पर लगातार अनदेखी और वेतन विसंगति दूर नहीं होने से नाराज कर्मचारियों ने आखिरकार हाई कोर्ट बिलासपुर की शरण ली है। लिपिक कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्षों से शासन-प्रशासन को ज्ञापन, आवेदन और मांग पत्र सौंपते आ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। सभी कर्मचारियों की नजर हाई कोर्ट के फैसले पर टिकी हुई है।

### सुशासन त्योहार से जनकल्याण-विकास की तस्वीर निखरी : विकास

**दुर्गुकोंदल।** प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन त्यौहार के



माध्यम से प्रदेश में विकास एवं जनकल्याण के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। सुशासन त्यौहार प्रदेश में जनसेवा, पारदर्शिता और विकास का नया उदाहरण बन रहा है। सभापति जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल एवं भाजयुमो अध्यक्ष विकास राजु नायक ने कहा कि यह त्यौहार प्रदेश में विकास और जनकल्याण की नई तस्वीर गढ़ रहा है। शासन की मंशा है कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास हो।

# करोड़ों की हेराफेरी उजागर होते ही महीनों से बंद निर्माण कार्य हुआ शुरू

- पूर्व रेंजर पंकज पटेल का कारनामा
  अब आनन-फानन में कराया जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

अलग खबर



वन मंडल भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम बांसला के जंगलों में एएनआर कार्य और फेंसिंग के नाम पर करोड़ों रुपए की कथित हेराफेरी का मामला सामने आने के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया है। मामले का खुलासा होने के बाद महीनों से बंद पड़ा कार्य अचानक दोबारा शुरू करा दिया गया, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार कूप कटाई के बाद छोटे पौधों की सुरक्षा के लिए जंगल क्षेत्र में फेंसिंग कार्य कराया जाना था।

आरोप है कि पूर्व रेंजर पंकज पटेल के कार्यकाल में काम पूरा होने से पहले ही पूरी राशि निकाल ली गई, जबकि मौके पर आधा मटेरियल भी उपलब्ध नहीं था। इतना ही नहीं, मस्टर रोल में ऐसे लोगों के नाम पर भुगतान निकालने का आरोप भी लगाया गया है, जो कभी कार्यस्थल पर पहुंचे ही नहीं।

मामले की लिखित शिकायत मुख्य वन संरक्षक कांकेर को सौंप दी गई है। मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब विभाग के दो जिम्मेदार अधिकारियों के बयान एक-दूसरे से बिल्कुल अलग सामने आए। मौके पर कार्य कर रहे मजदूरों ने भी विभागीय दावों की पोल खोल दी। मजदूर हरेंद्र चक्रधारी, हिरामन चक्रधारी, पिंटू चक्रधारी सहित अन्य श्रमिकों ने बताया कि सामग्री नहीं होने के कारण काम बंद था। मामला प्रकाश में आने के बाद अब आनन-फानन में गिट्टी, पोल और अन्य सामग्री गिराई गई है। मजदूरों के अनुसार अभी लगभग 1800 मीटर फेंसिंग कार्य बाकी है।

बांसला जंगल डिवीजन मुख्यालय के नजदीक होने से मामला उजागर हो गया, लेकिन अब स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि दुर्गुकोंदल, अंतागढ़ और आमाबेड़ा जैसे सुदूर वन क्षेत्रों में चल रहे वनीकरण और एएनआर कार्यों की वास्तविक स्थिति क्या होगी।

## नारंगी क्षेत्र की भूमि पर रातों-रात सड़क निर्माण, वन विभाग ने की कार्रवाई

# पौधारोपण के लिए आरक्षित भूमि पर सड़क निर्माण, दो वाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/भानुप्रतापपुर

नारंगी क्षेत्र में प्रस्तावित पौधारोपण स्थल पर आनन-फानन में जेसीबी लगाकर सड़क निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि जिस भूमि पर वन विभाग ने पौधारोपण के लिए गड्ढे खुदवाए गए थे, उसी क्षेत्र में रातोंरात मिट्टी डालकर सड़क तैयार कर दी। खबर मिलते ही वन विभाग ने एक हाईवा और एक जेसीबी को अपने कब्जे में ले लिया है। वन विभाग का अमला यह जाँच कर रहा है कि किसके संरक्षण में यह सड़क बनाई जा रही थी।

इस मामले में भानुप्रतापपुर तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा ने वन परिक्षेत्र अधिकारी को एक पत्र लिखा था कि भानुप्रतापपुर तहसील अंतर्गत ग्राम भैंसमुण्डी में राजस्व भूमि खसरा नंबर 395 पर वन विभाग द्वारा कराए जा रहे फेंसिंग एवं गड्ढा खुदाई कार्य पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया था। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248(1), 248(2) का उल्लंघन एवं दण्डनीय अपराध है। आप अपना पक्ष समर्थन में लिखित जवाब 14 मई तक दीजिए। परिक्षेत्र अधिकारी ने 14 मई को तहसीलदार को लिखित में जवाब में बताया कि यह जमीन नारंगी वन क्षेत्र की है और इससे संबंधित दस्तावेज भी उपलब्ध करवाए गए। तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा का कहना है कि वन विभाग के दस्तावेज मिलने के उपरांत जो रोक लगाई गई थी, वो रोक हटा दिया गया है। उक्त जमीन नारंगी वन क्षेत्र के लिए प्रस्तावित है, इसकी जानकारी मुझे आज मिली है।

### पौधारोपण के खोदे गए गड्ढों को भी पाटा गया



### हाइवा और जेसीबी जब्त



वन विभाग के डिप्टी छविलाल कुमेटी अपने अमले के साथ नारंगी क्षेत्र में बनाए जा रहे कच्चा रास्ता वाले स्थल पर प हुँचे और वहाँ से हाईवा क्रमांक सीजी 24 एम 7496 और जेसीबी क्रमांक सीजी 17 केएन 8208 थी को अपने कब्जे में लिया। वाहन में उपस्थित लोगों से कच्चा सड़क किसके द्वारा बनाया जा रहा है, उसे जानने का प्रयास किया गया, परंतु सही जवाब नहीं मिल पाया।

### जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की

*मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। पर्यावरण संरक्षण और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर इस तरह की घटनाएं गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में सरकारी भूमि और पौधारोपण कार्यों से छेड़छाड़ न हो सके।*

### प्रभावशाली लोगों का है संरक्षण

*भैंसमुंडी के स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पौधारोपण अभियान के तहत तैयार किए गए गड्ढो को जेसीबी मशीन से भरकर अवैध रूप से रास्ता बनाया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य बेहद तेजी से किया गया, जिससे यह संदेह गहरा गया है कि पूरे मामले में कुछ प्रभावशाली लोगों को संरक्षण प्राप्त है। विभाग जवाब माँगते रहे और उधर सड़क बनाने का खेल चलता रहा।*

## सरपंच-जनपद सदस्य संघ ने दी जनपद में तालेबंदी की चेतावनी



### मांगों का सौंपा ज्ञापन और दिया 10 दिनों का अल्टीमेटम

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायतों से जुड़े अधिकारों और विकास कार्यों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सरपंच-जनपद सदस्य संघ भानुप्रतापपुर व दुर्गुकोंदल ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन राजस्व अधिकारी भानुप्रतापपुर को सौंपते हुए संघ ने प्रशासन को 10 दिनों का अल्टीमेटम दिया है।

संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में पंचायत हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों का उल्लेख किया गया है। इनमें डीएमएफ राशि से प्रभावित पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को निर्माण कार्यों की स्वीकृति देने, बाहरी ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाने, सीएसआर राशि ग्राम पंचायतों में खर्च करने तथा सामान्य सभा की अनुमति के बाद ही प्राक्कलन तैयार करने जैसी मांगें प्रमुख हैं। इसके साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों ने गौण खनिज से प्राप्त राशि सीधे ग्राम पंचायतों को देने की मांग भी उठाई है। संघ का कहना है कि पंचायतों के विकास कार्यों में लगातार स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की जा रही है, जिससे ग्रामीण विकास प्रभावित हो रहा है। जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि जनता द्वारा चुने गए हैं और गांव की जरूरतों को सबसे बेहतर तरीके से समझते हैं। इसके बावजूद बाहरी ठेकेदारी व्यवस्था हावी होने से स्थानीय लोगों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमएफ, सीएसआर और गौण खनिज की राशि के उपयोग में पंचायत प्रतिनिधियों को विश्वास में नहीं लिया जा रहा है। चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो 11वें दिन जनपद पंचायत कार्यालय में तालाबंदी कर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान भानुप्रतापपुर एवं दुर्गुकोंदल क्षेत्र के जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अपैक्स बैंक के पूर्व चेयरमैन भाजपा नेता महावीर राठौर का हुआ देहावसान

### क्षेत्र में शोक की लहर

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं संगठन के समर्पित कार्यकर्ता महावीरसिंह राठौर का आज निधन हो गया। उनके निधन की खबर से राजनीतिक, सामाजिक एवं जनसंगठनों में शोक की लहर फैल गई। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे, लेकिन अंतिम समय तक पार्टी संगठन और समाज सेवा से जुड़े रहे। 23 मार्च 1946 को उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के ढोलूपुर गांव में जन्मे श्री राठौर वर्ष 1966 में बस्तर अंचल पहुंचे और कांकेर क्षेत्र को अपनी कर्मभूमि बनाया। प्रारंभिक दौर में उन्होंने सहकारी समिति में सोसायटी मैनेजर के रूप में कार्य किया, लेकिन बाद में जनसंघ और भाजपा संगठन के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाई।



महावीरसिंह राठौर

आपातकाल के दौर में भी वे जनसंघ के कार्यों से जुड़े रहे और संगठन को मजबूत करने में योगदान दिया। लोकसभा चुनावों में संगठनात्मक जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने जनता पार्टी और बाद में भाजपा को मजबूत आधार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कांकेर जिला बनने के बाद वे पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और बाद में जिला अध्यक्ष भी रहे। वर्ष 2003 में भाजपा की सरकार बनने के दौर में संगठन को मजबूत करने में उनका योगदान महत्वपूर्ण माना जाता है। उनके राजनीतिक जीवन की पहचान सरल स्वभाव, कार्यकर्ताओं से आत्मीय जुड़ाव और संगठन के प्रति समर्पण रही। वे ग्राम पंचायत अंडी के सरपंच और जनपद उपाध्यक्ष भी रहे। उनके मार्गदर्शन में कई कार्यकर्ता राजनीति में आगे बढ़े। उनके निधन पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और क्षेत्रवासियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## टैगोर जयंती की संध्या पर प्रतिभाओं और समाजसेवियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

विश्व कवि रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर रविंद्र मंच कापसी के तत्वावधान में ग्राम कापसी में भव्य रवींद्र जयंती संध्या समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, संगीत, नृत्य, कविता, नाटक एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरुदेव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने रवींद्रनाथ टैगोर के साहित्य, शिक्षा, संस्कृति एवं समाज सुधार के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को आज के दौर में भी अत्यंत प्रासंगिक बताया। समारोह में स्थानीय कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में साहित्य प्रेमियों, कला प्रेमियों की उपस्थिति रही। कापसी के वयोवृद्ध नागरिक रवि चक्रवर्ती एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य कविंद्र सेन को सम्मानित किया गया और साथ ही परलकोट क्षेत्र में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रविंद्र मंच कापसी के संरक्षक कृपासिंधु समददार, मनमथ दत्त, मनमथ मंडल, आलोक विश्वास एवं स्वतंत्र नामदेव उपस्थित रहे।

## नौकरी के नाम पर 6 लाख की ठगी, फर्जी एनएसयूआई प्रदेश सचिव ने लगाया चूना

**कांकेर।** चारामा क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। खुद को एनएसयूआई का प्रदेश सचिव बताने वाले एक युवक ने पटवारी पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर बेरोजगार युवक से 6 लाख रुपए ऐंठ लिए।




आरोपी ने स्वयं को भिलाई निवासी अतुल श्रीवास्तव बताया

थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे दरगहन निवासी 26 वर्षीय रवि बंछोर पिता संतोष कुमार बंछोर ने पुलिस को बताया कि नेहरू नगर भिलाई निवासी अतुल श्रीवास्तव पिता रवि अखौरी श्रीवास्तव के द्वारा वर्ष 2022 में मुझसे संपर्क कर कहा कि मैं एनएसयूआई का प्रदेश सचिव हूं, अभी पटवारी पद का विकेंसी निकला है, जिसमें आपका नौकरी लगवा दूंगा, जिसके लिए 6 लाख रूपएं देना पड़ेगा। आरोपी द्वारा नौकरी लगाने का लालच देने पर मै उसके बहकावे में आ गया और चेक के माध्यम से 4 मई को 2 लाख रूपएं एवं नगद 4 लाख रूपएं दिया गया था। पटवारी पद का रिजल्ट आने पर लिस्ट में मेरा नाम नहीं था। उसके बाद मैं अतुल श्रीवास्तव को बोला की पटवारी चयन लिस्ट में मेरा नाम नहीं है। मेरे द्वारा दिया गया पैसा वापस कर दो बोलने पर उनके द्वारा 2 दिन में पैसा वापस कर दूंगा बोलकर आश्वसन दिया गया था।

## ग्रामीणों की मेहनत लाई रंग, 32 हजार से अधिक मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहित

**दुर्गुकोंदल।** वन मंडल भानुप्रतापपुर अंतर्गत दुर्गुकोंदल वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य इन दिनों तेज गति से जारी है। विकासखंड दुर्गुकोंदल की 18 समितियों के विभिन्न संग्रहण केंद्रों में बड़ी मात्रा में तेंदूपत्ता पहुंच रहा है। ग्रामीणों, महिला स्व-सहायता समूहों और वन समितियों की सक्रिय भागीदारी से पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण बना हुआ है।



वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2026 के तेंदूपत्ता सीजन के लिए दुर्गुकोंदल वन परिक्षेत्र को कुल 38,700 मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। विभागीय दैनिक प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार 13 मई तक कुल 32,441.815 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहित किया जा चुका है, जो निर्धारित लक्ष्य के काफी करीब है। विभाग को उम्मीद है कि मौसम अनुकूल रहने पर निर्धारित लक्ष्य समय से पहले पूरा कर लिया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष मौसम अनुकूल रहने से तेंदूपत्ता की गुणवत्ता बेहतर है, जिससे संग्राहकों को अच्छे लाभ की उम्मीद है। विभाग द्वारा सभी संग्रहण केंद्रों में पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में अभी भी पत्ता तोड़ाई का कार्य जारी है, जबकि अधिकांश फड़ केंद्रों में तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य समाप्ति की ओर है। तेंदूपत्ता खरीदी अभियान अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदूपत्ता सीजन उनके लिए अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण साधन है। हर वर्ष हजारों परिवार इस कार्य से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करते हैं। वन विभाग ने संग्राहकों से गुणवत्ता युक्त तेंदूपत्ता ही फड़ केंद्रों में जमा करने की अपील की है, ताकि बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके और लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सके।

## खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का अभियान

# विशेषज्ञों ने किसानों को सिखाए जैविक व संतुलित खेती के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

राज्य शासन की मंशानुसार किसानों की आय बढ़ोत्तरी करने और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत पाउरखेड़ा एवं सुखई में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की और किसानों को खेती की बारीकियों से अवगत कराया।



**मिट्टी के उर्वरा क्षमता में वृद्धि करें**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक ने मृदा स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए जैविक खेती के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि रसायनों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति क्षीण हो रही है, जिसे बचाने के लिए जैविक खाद और जीवामृत का उपयोग अनिवार्य है। वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी ने संतुलित खेती पर जानकारी देते हुए बताया कि कैसे किसान एक ही खेत में विभिन्न फसलें चक्रानुक्रम में उगाकर और उर्वरकों का सही अनुपात में प्रयोग कर अपनी लागत घटा सकते हैं और मुनाफा बढ़ा सकते हैं।

### खेती किसानी पर की चर्चा

शिविर में केवल खेती ही नहीं, बल्कि संबद्ध क्षेत्रों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। पशुधन विभाग के अधिकारी ने पशुपालन, नस्ल सुधार और टीकाकरण योजनाओं की जानकारी दी। उद्यानिकी विभाग से फलदार वृक्षों के रोपण और ड्रिप सिंचाई पर मिलने वाली सब्सिडी के बारे में बताया गया। मत्स्य विभाग से मछली पालन को एक अतिरिक्त आय के स्रोत के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर किसान बंधु उपस्थित रहे, जिन्होंने विशेषज्ञों से अपनी समस्याओं पर सीधा संवाद किया और समाधान प्राप्त किया। अभियान के अंत में उपस्थित किसानों को विभागीय पत्रक वितरित किया गया ताकि वे योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक रह सकें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/-
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन चालू
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त, 02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकापीठ, श्री शिर्डी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि शिंगणापुर
राशि:- स्लीपर-16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411